**PRINT**

# अमर उजाला (Amar Ujala)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 136382 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 15.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 01 | क्रम सं. (Serial No.) 4 |

## खेल प्रतिभाओं के लिए सीआईएसएफ भर्ती करेगा 433 होनहार

### बर्मिंघम में संपन्न हुए विश्व पुलिस खेल में आए 66 पदक समेत कुल 159 पदक हासिल करने से उत्साहित बल ने की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी





सीआईएसएफ के महानिदेशक ने सोमवार को सीआईएसएफ मुख्यालय लोधी रोड में पदक विजेता को सम्मानित किया। अमर उजाला

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान भी शुरू किया है। इसके माध्यम से 433 होनहार खेल प्रतिभाओं की भर्ती की जानी है, जिनमें 229 महिला खिलाड़ियों को जगह मिलेगी। सीआईएसएफ ने यह फैसला इस खेल सत्र में कुल 159 पदक जीतने के बाद लिया है। यूके के बर्मिंघम में संपन्न हुए विश्व पुलिस खेलों में बल के खिलाड़ियों ने 66 पदक के अलावा अन्य 93 पदक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और भारतीय पुलिस खेलों में जीते। सीआईएसएफ मुख्यालय लोधी रोड में महानिदेशक ने सोमवार को इन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

पहली बार मुख्यालय में खेल गतिविधियों की दैनिक निगरानी के लिए सहायक महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। सुरक्षा बल पर्वतारोहण दल का भी गठन करने जा रहा है, जो वर्ष 2026 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई अभियान शुरू करेगा। 7 जुलाई 2025 से शुरू हुआ खेल भर्ती अभियान 29 जुलाई 2025 तक देश के 14 चयन केंद्रों पर जारी रहेगा। लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराटे, साइकिलिंग, तीरंदाजी, तलवारबाजी, कयाकिंग, रोइंग, वुशु पेनकैक सिलाट जैसे खेलों में 13 नई टीमें बनाई जाएंगी। महज सात दिन में 12,868 आवेदन आए हैं, जिनमें 350 अंतरराष्ट्रीय और 3968 राष्ट्रीय पदक विजेता शामिल हैं। इस अभियान ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के सभी कोनों से प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए प्रयासरत है।

**महज सात दिन में 12,868 आवेदन आए हैं, जिनमें 350 अंतरराष्ट्रीय और 3968 राष्ट्रीय पदक विजेता शामिल हैं**